## यूपी के एमएसएमई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री ने मुंबई में निवेश पर दिया प्रस्तुतीकरण

# मुंबई के निवेशकों ने यूपी में दिखाई दिलचस्पी

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुंबई के कई बड़े उद्यमियों ने यूपी में विभिन्न सेक्टर में निवेश की दिलचस्पी दिखाई है। यूपी सरकार की ओर से एमएसएमई व निवेश प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा यूपी आने का न्यौता देते हुए कहा कि उनका हर सहूलियत के साथ स्वागत किया जाएगा।



मुंबई में रविवार को यूपी के निवेश मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह से भेंट करते उद्योगपति।

मुंबई के ट्राइडेंट होटल में सिद्धार्थनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश में निवेश की बेहतरीन संभावनाओं व उपलब्ध सुविधाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया। इसमें बीएलआर लॉजिस्टिक के चेयरमैन व एमडी अशोक गोयल, बाम्बे स्टाक एक्सचेंज के एसएमई हेड अजय ठाकुर, रविन ग्रुप के चेयरमैन विजय कारिया, डिफेंस इक्यूपमेंट मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के अलावा केएनसी मीडिया के निर्माता निर्देशक कमल नैथानी शामिल थे। निवेशकों ने रक्षा आयुध निर्माण, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक व्हीकल, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिल्म व मीडिया, लॉजिस्टिक वेयरहाउस, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र यूपी में हुए काम के बारे में जानकारी ली और भविष्य में राज्य में निवेश की इच्छा जताई।

### शेखर सुमन यूपी में शूटिंग के लिए इच्छुक

अभिनेता शेखर सुमन ने सिद्धार्थनाथ सिंह से मुलाकात कर के उन्हें ओटीटी प्लेटफार्म के लिए वेबसीरीज बनाने की योजना बताई। उन्होंने कहा कि वह इसकी शूटिंग यूपी में करना चाहते हैं। उन्होंने यूपी में फिल्म सिटी की पहल का स्वागत किया।